अमर उजाला

प्रयागराज | बृहस्पतिवार, 13 जून 2024

योग दिवस पर विश्व कीर्तिमान बनाने में जुट गए विश्वविद्यालय

प्रयागराज। विश्व योग दिवस-2024 के उपलक्ष्य में इस बार विश्व कीर्तिमान बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त करने के लिए सभी राज्य विश्वविद्यालयों और संघटक महाविद्यालयों को ऑनलाइन शपथ ग्रहण कराना है। इस मुहिम में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय और उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने भी सक्रिय भागीदारी शुरू कर दी है।

ऑनलाइन शपथ ग्रहण कार्यक्रम 12 से 18 जून के बीच पूरा कराना है। राज्यपाल के निर्देश पर राज्य विश्वविद्यालय को तकरीबन साढ़े तीन लाख ऑनलाइन शपथ कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए राज्य विवि के रजिस्ट्रार ने सभी 703 संघटक महाविद्यालयों के

राज्य विवि, मुक्त विवि ने भी भागीदारी के लिए उठाए कदम

प्रबंधकों एवं प्राचार्यों को पत्र लिखकर प्रक्रिया में शामिल होने के लिए कहा है।

विवि के शिक्षकों, कर्मचारियों, परिजनों और विद्यार्थियों को

छात्र-छात्राओं को एसएमएस/व्हाट्सएप पर प्रेषित लिंक के माध्यम से या ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर शपथ लेनी है। इसके लिए http://rajbhawanyogapledge.in पर जाकर शपथ पढ़ने के बाद ड्रॉप डाउन में से अपने विश्वविद्यालय का नाम चुनना है। अगर आप किसी विश्वविद्यालय से संबंधित नहीं हैं तो 'other' का ऑप्शन चुन सकते हैं। ब्यूरो